

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

डाक पंजीयन क्रमांक

बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें

https://dainikyashonnati.com

वर्ष 8+15 अंक 39 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी बुधवार 31 मई 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....

पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार

पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## आज मनाया जायेगा विश्व त बाकू निषेध दिवस

सिवनी यशोः- उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं निश्शक्तजन कल्याण सिवनी श्री वीरेश सिंह बघेल द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि 31 मई ''विश्व त बाकू निषेध दिवस'' के अवसर पर कले टर क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में युवाओं, छात्र/छात्राओं एवं जनसामान्य में बढ़ती हुई त बांकू / धूम्रपान सेवन की प्रवृति को रोकने एवं आमजनों को नशा न करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार 31 मई को प्रभातफैरी का आयोजन किया जाएगा, जो फुटबाल स्टेडियम से प्रारंभ होकर अ बिका चौक से होकर शास. उत्कृष्ट विद्यालय के सामने से कोष्टी मोहल्ला, हनुमान व्यायाम शाला, परतापुर रोड, सोमवारी चौक, सिंधी कॉलोनी होते हुये वापस फुटबाल स्टेडियम परिसर में समाप्त होगी।

साथ ही कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के छात्र/छात्राओं के मध्य ''हमे भोजन की आवश्यकता है, त बाकू की नही'' विषय पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता फुटबाल स्टेडियम में शाम 4 से 6.00 बजे तक आयोजित की जाएगी एवं ब्र हाकुमारी संस्था मुगवानी रोड सिवनी में प्रातः 9:00 बजे से शाम 5:00 तक रंगोली प्रतियोगिता स पन्न होंगी।

## 10 जून तक पेंशन प्रकरण अनिवार्य रूप से जमा करें- कले टर सिंघल

सिवनी यशोः- जिले में लंबित पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए शासन के निर्देशानुसार कले टर श्री क्षितिज सिंघल ने जिले के सभी कार्यालय प्रमुखों को दिनांक 31 मार्च 2023 तक सेवानिवृत्त / मृत शासकीय सेवको के लंबित पेंशन प्रकरणों को अनिवार्य रूप से 10 जून 2023 तक जिला पेंशन कार्यालय को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। संदर्भित पत्र में उल्लेखित किया गया है कि निर्धारित समयावधि में निराकरण नही कराये जाने पर संबंधित कार्यालय प्रमुख के विरूध्द अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## जवाहर नवोदय विद्यालय कान्हीवाड़ा में कक्षा 11वी लेटरल एन्ट्री परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

सिवनी यशोः- जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 11वी 2023 में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन भरे जा रहे है, सत्र 2022-23 में कक्षा 10वी में पास विद्यार्थी जिनका जन्म दिनांक 01.06.2006 से 31.07.2008 के मध्य हुआ हो वे, आवेदन पत्र भरने हेतु नवोदय विद्यालय समिति की व ेबसाइट www.navodaya.gov.in पर 31.05.2023 तक आवेदन कर सकते हैं। चयन परीक्षा शनिवार 22.07.2023 को प्रातः 11 बजे से आयोजित होगी।

## जबरन नॉलेज




# आबादी क्षेत्र के आसपास वन्य प्राणियों की दस्तक

सिवनी यशोः- वन्य प्राणियों का ग्रामों की सरहदा के किनारे पहुँच रहे है माना जा रहा है कि वन्य प्राणी जंगलों से आबादी की ओर पानी की तलाश में पहुँच रहे है पिछले दिनों बरघाट क्षेत्र के कल्याणपुर में ग्राम के किनारे ही एक बाघ ने अपना शिकार बना लिया तो मंगलवार को धूमा परिक्षेत्र में एक रीछ ने तेंदूपत्ता तोड़ने की महिला पर हमला कर दिया जिससे महिला की मौत हो गयी वहीं बंडोल के समीप पोंडी नामक गांव के एक कुंएँ में जंगली सुअर पानी की तलाश में कूद गये ।



### धूमा परिक्षेत्र में महिला पर भालू का हमला, महिला की मौत

जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र धूमा अंतर्गत खूंटखमरिया गांव के जंगल में मंगलवार की सुबह तेंदूपत्ता तोड़ने गई एक महिला पर वन्य प्राणी भालू ने हमला कर दिया। भालू के हमले से गंभीर चोट आने के कारण महिला ने दम तोड़ दिया। सूचना प्राप्त होने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुँचा परंतु तब तक महिला दम तोड़ चुकी थी । वन विभाग की टीम ने महिला के शव को धूमा अस्पताल पहुंचाया। यहां डो टर द्वारा जांच के बाद महिला की मौत होने की पुष्टि करने पर शव को स्वजनों को सौंप दिया गया। पीड़ित परिवार को दस हजार की राशि उपलब्ध करायी तथा शेष मुआवजा की राशि आठ लाख रूपये आगामी दिनों में उपलब्ध करायी जायेगी ।

जानकारी के अनुसार धूमा वन परिक्षेत्र के जंगल में इकताबाई अपने पति रामप्रसाद यादव के साथ तेंदूपत्ता तोड़ने गई थी। जहाँ झाड़ियों में छिपे भालू ने हमला कर दिया । साथ में गये पति राम प्रसाद ने भालू को भगाने के प्रयास किये परंतु प्रयास असफल रहे भालू के हमले से महिला ज मी होकर अचेत हो गयी और उसने दम तोड़ दिया । जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग व पुलिस को दी। सूचना पर धूमा वन परिक्षेत्र अधिकारी अमले के साथ मौके पर पहुंचे।

धूमा वन परिक्षेत्र अधिकारी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया है कि जंगल में भालू की सं या अधिक है। इसे देखते हुए गांव के लोगों को जंगल जाने पर सतर्क रहने की समझाइश दी गई है।

मंगलवार की शाम लगभग 4 बजे गांव की सीमा स्थित पोंडी, बंडोल रेंज स्थित कुएं मैं एक के बाद एक छह जंगली सूअर गिर गए ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी जहां मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने रेसे यू कर कुएं में गिरे जंगली सूअरों को सुरक्षित बाहर निकाला।

### बंडोल परिक्षेत्र में कुएँ गिरे 06 जंगली सुअर

ग्राम पौंडी बंडोल नंदराम मनोते कुटवार निवासी द्वारा सूचना परपरीक्षेत्र अधिकारी बंडोल पी के बोपचे एवं उड़न दस्ता प्रभारी हरवेंद्र बघेल के निर्देश पर मु य वनसंरक उड़न दस्ता दल द्वारा युक्ति युक्त तरीके से जाल एवं रस्सी से स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से लगभग 30 फिट गहरे कुँए से 6 जंगली सुअर को सुरक्षित रेसे यू कर वनक्षेत्र की और रवाना किया।

रेसे यू दल में उड़नदस्ता दल सिवनी अर्पित मिश्रा, भूपेंद्र ठाकुर, विवेक मिश्रा बंडोल रेंज राहुल पांडे ,हरीश सनोडिया,शेख सत्तार अंसारी का सहयोग रहा।

# स्कूल में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को मिलेगी ई - स्कूटी

भोपाल - राजधानी के रविंद्र भवन में मध्य प्रदेश बोर्ड 10वीं व 12वीं की परीक्षा में मेधावी सूची में शामिल विद्यार्थियों को प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा स मानित किया गया। मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इस वर्ष प्रदेश के प्रत्येक हायर सेकेण्ड्री विद्यालय के ऐसे छात्र जिन्होंनेअपने विद्यालय में टाप किया है उन्हें ई स्कूटी प्रदान की जायेगी । इसके साथ ही प्रदेश के 78 हजार मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान किये जायेंगे । । कार्यक्रम में सीएम शिवराज ने हायर सेंकडरी की परीक्षा में स्कूल में टाप करने वाले विद्यार्थियों को ई-स्कूटी देने की घोषणा करते हुये यह भी कहा कि इसमें लड़के व लड़कियां दोनों शामिल होंगे।

पहले मु यमंत्री द्वारा प्रदेश की बालिकाओं को इस योजना के तहत स्कूटी देने की घोषणा की गई थी पर अब छात्रों को भी ई-स्कूटी प्रदान की जाएगी। साथ ही 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वालों को 25 हजार रुपए मिलेंगे। सी बी एस ई, आईसीएसई से 12वीं करने वाले ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने 85 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लाएं हैं उनकी फीस भी सरकार भरेगी। छह लाख रुपए तक की आय सीमा वालों को ही इस योजना का लाभ मिलेगा।



इस कार्यक्रम के दौरान सीएम शिवराज ने मेधावी विद्यार्थियों के साथ-साथ यूपीएससी में चयनित 53 प्रतिभाओं को भी स मानित किया। मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यूपीएससी में चयनित विद्यार्थी जितने खुश हैं, उनसे ज्यादा मैं खुश हूं। यूपीएससी में तीन साल पहले मध्य प्रदेश से 15 से 20 विद्यार्थी चयनित हुए थे। इस साल 53 विद्यार्थी चयनित हुए हैं। मध्यप्रदेश पीछे नहीं रहने वाला है। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं और कहा कि सफलता किसी चीज की मोहताज नहीं होती है प्रतिभा शहर, गांव या गरीबी- अमीरी नहीं देखती है। लक्ष्य निर्धारित है और प्राप्त करने का संकल्प है तो सफलता अवश्य मिलती है । रोडमैप तैयार करें और मेहनत के आधार पर सफलता पाएं। यूपीएससी चयनितों से मु यमंत्री ने कहा कि सफलता के बाद अहंकार नहीं करना, बल्कि देश और समाज के लिए कार्य करें। आपके लिए दुनिया का कोई भी काम मुश्किल नहीं है। असफलता से घबराएं नहीं।

## शासकीय आवासीय खेलकूद विद्यालय सीहोर हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

सिवनी यशोः- जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि शासकीय आवासीय खेलकूद विद्यालय सीहोर में शिक्षा सत्र 2023-24 में कक्षा 9वीं से 12वीं तक बालकों के प्रवेश हेतु आनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। इच्छुक अ यार्थी अपना आवेदन आनलाईन लिंक https://www.educationportal.mp.gov.in/Sport.asp& पर दिनांक 05.06.2023 तक कर सकते हैं। चयन परीक्षा दिनांक 15 से 17 जून 2023 तक जिलास्तर पर शास.उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में की आयोजित होगी। उक्त विद्यालय में प्रवेश हेतु अ यार्थी को मध्यप्रदेश की मान्यता प्राप्त शालाओं से शिक्षा सत्र 2019-20 में नियमित छात्र के रूप में शिक्षा प्राप्त करते हुए कक्षा 8वीं में न्यूनतम सी ग्रेड तथा कक्षा 9वीं/10वीं/11वीं की परीक्षा में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो। अ यार्थी का चयन शारीरिक दक्षता परीक्षण के आधार पर मेरिट अनुसार चयन किया जाएगा। परीक्षा एवं चयन प्रक्रिया के संबंध में पूर्ण जानकारी स्कूल शिक्षा विभाग के एजुकेशन पोर्टल www.educationportal.mp.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

# मु यमंत्री सीखो-कमाओ योजना'' के क्रियांवयन को लेकर कले टर ने ली बैठक

## योजना के सफल क्रियांवयन के लिये उद्योगपतियों, निर्माण एंजेंसियो तथा सेवा क्षेत्र के व्यक्तियों से की चर्चा

सिवनी यशोः- मु यमंत्री सीखो-कमाओ योजना%% का जिलें में बेहतर क्रियान्वयन करते हुए स्थानीय युवाओ को निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित उद्यम में कार्य सीखने का मौका दिलाने तथा इस दौरान निर्धारित स्टाइपेंड उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कले टर श्री सिंघल ने मंगलवार 30 मई को उद्योगपतियों, निर्माण एजेंसियों तथा होटल संचालकों की पृथक- पृथक बैठक लेकर योजना की विस्तृत जानकारी दी।

कले टर श्री सिंघल ने बताया कि प्रदेश शासन द्वारा मु यमंत्री सीखो- कमाओ योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा हैं। इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य युवाओं को सीधे प्रतिष्ठित निजी संस्थाओं में व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना हैं, ताकि युवाओं के कौशल का उन्नयन हो सके। उन्होंने बताया कि 1 वर्ष की अवधि के लिए प्रशिक्षण में कार्यरत युवाओं को स्टाइपेंड भी प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया शासन द्वारा निर्धारित दर अनुसार 5 वीं- 12 वीं उत्तीर्ण युवाओं के लिए 8000 रुपये प्रतिमाह, आईटीआई उत्तीर्ण के लिए 8500, डिप्लोमा धारक के लिए 9000 तथा स्नातक तथा उच्च योग्यता धारक को 10 हजार रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जाना हैं। स्टाइपेंड का 75 प्रतिशत शासन द्वारा और 25 प्रतिशत स बन्धित प्रतिष्ठान द्वारा वाहन किया जायेगा।



कले टर श्री सिंघल ने उपस्थित सभी उद्योगपतियों से कहा कि योजना का लाभ यह होगा कि युवाओं को आपके प्रतिष्ठान में रोजगारमुखी प्रशिक्षण मिल सकेगा। वही नियोक्ता को भी स्टाइपेंड अवधि के दौरान बहुत ही कम व्यय में कार्य बल प्राप्त हो सकेगा तथा स्टाइपेंड अवधि के उपरांत प्रशिक्षित व्यक्ति की उपलब्धता प्रतिष्ठानों को हो सकेंगे। कले टर श्री सिंघल ने सभी उपस्थित प्रतिष्ठानों से अपील कि वह अनिवार्य रूप से अपने प्रतिष्ठान को पोर्टल में पंजीकृत करे तथा प्रतिष्ठान की आवश्यकता अनुरूप अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराये।

# बिगड़ी औलादों से शर्मिंदा हो रहा समाज - मातृशक्ति संगठन

## मातृ शक्ति संगठन की मार्मिक अपील - अभिभावक अपनी बच्चों पर दें विशेष ध्यान

सिवनी यशोः- इन दिनों शहर के अनेक स्थानों पर सिगरेट सहित अन्य मादक पदार्थो का सेवन करते हुये दिखाई दे रही है । पढ़ने वाली किशोर लड़कियाँ नगर की सुनसान क्षेत्रों में अपने हम उम्र लड़को के साथ आवारगर्दी करते हुये अपनी निजी लाईफ में दखल न दें कहते हुये जिस तरह की मनमानी कर रहे है उससे स य समाज वेदना से कराह रहा है। छात्राएं घर परिवार की चिंता किये बिना अपने आप को आजाद समझती है और नवयुवकों को अपने जाल फसा लेती है या नवयुवक उन्हें आकर्षित कर लेते है और स्कूल तथा कोचिंग लासों में जाने की अपेक्षा आवारागर्दी करते हुये आसानी दिख जायेगी धीरे धीरे यह प्रचलन बढ़ रहा है इन आवारा नवयुवक एवं युवतियों में शर्म और मर्यादा नाम की कोई चीज नहीं है धोखें से कोई इन्हें कुछ बोल दे तो उसको अपमानित होना पड़ता है । मादक पदार्थो के सेवन के साथ ही इनका अमर्यादित आचारण देखकर उम्रदराज व्यक्तियों को शर्मिंदा करता है । इनको समझाइश देने का मतलब अपने अपमान को अमांत्रित करना है ।

समाज में जागरूकता का काम करने वाले मातृशक्ति संगठन ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से स य समाज से मर्मिक अपील की है और



विज्ञप्ति में बताया है कि संगठन द्वारा बेटियों को जागरूक करने के हर संभव प्रयास हमेशा से किये जाते रहे हैं किंतु कुछ बेटियां हैं कि समझने को तैयार ही नहीं।

संगठन ने स्मरण कराया है कि हमारे भारत के लिए कहा गया है, भारत दो कारणों से विश्व में प्रसिद्ध है संस्कृत और संस्कृति । स यता जहां पहले आयी, पहले जन्मी है। अपना भारत वो भारत है, जिसके पीछे संसार चला। लेकिन कहां खो गई वो स यता, वो संस्कार जिसके लिए विश्व भर में भारत को जाना जाता है। स्कूल कॉलेज जाती लड़कियां सिगरेट का कश लेते हुए देखी जा रही है। बाबरिया रोड़ पर बनी खाने पीने की दुकानें साथ में नशे का सामान भी बड़ी आसानी से इन बच्चों को उपलब्ध करा रही हैं। इस सूनी रोड़ पर अ सर युवक युवतियों के जोड़े सिगरेट का धुँआ उड़ाते दिखते हैं जिनके कंधों पर स्कूल बैग भी होते हैं। यही हाल नगर के अंदर भी कुछ जाने माने स्थानों का है यहां तो बेटियां अपने स्कूल बैग से साज श्रृंगार का सामान निकाल कर बाकायदा मेकअप करती हैं।

ऊपर से जैकेट उतारकर वो अपने वास्तविक ड्रेस में आती हैं। संगठन द्वारा फटकार लगाने पर जबाब मिलता है कि हम उनकी पर्सनल लाइफ में डिस्टर्ब ना करें। हद तो तब हो जाती हैं जब ये बेटियां फोन कर कुछ लड़कों से संगठन की शिकायत कर कहती है कि जल्दी आओ और फिर लड़के भी बिलकुल फिल्मी अंदाज में चले आते हैं किंतु संगठन की महिलाओं को देख वो तुरंत अपनी गाड़ी वापस भी कर लेते हैं।

मातृशक्ति संगठन ने कहा है कि माता-पिता अपने बच्चे-बच्चियों पर ध्यान दे कि आखिर वह कर` या रहे हैं ? कहां जा रहे हैं ?

कोचिंग या स्कूल के नाम पर निकलते हुए उनके बैग में सामान ` या है ? आप बच्चियों पर शक ना करें उनसे एक दोस्ताना व्यवहार बनाएं ताकि वो निसंकोच अपनी बातें आपके सामने रख सकें।` योंकि बालिकाओं के साथ बढ़ते अपराध बड़ी चिंता का विषय है।

नगर के संभ्रांत प्रबुद्धजनों के द्वारा बेटियों के कुछ अनैतिक कृत्यों में लिप्त अनर्गल फोटोग्राफ भी संगठन को दिए गए जो वास्तव में शर्मनाक हैं।

### अनहोनी का कर रहे इंतजार

दुःखद तो ये है कि ऐसी बेटियों के माता पिता की जानकारी मिलने पर जब संगठन ने उन्हें चेताया तो उनका जबाब था कि उन्हें अपनी बेटियों की चिंता है हम लोग बीच में ना पड़े। जी हाँ ये वही माता पिता हैं जो अपनी बेटियों के साथ किसी अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं। किसी बड़े अपराध के बाद ये अभिभावक, शासन ,प्रसाशन और सामाजिक संगठन को दोषी ठहरा देंगे।

संगठन अभी अभिभावकों से विनम्र अपील करता है कि अपने बेटे बेटियों को अपने धर्म, रीति रिवाज, संस्कार और संस्कृति से अवगत अवश्य कराएं ये बच्चे कल आपसे ये सवाल ना करें कि आपने तो हमें कुछ बताया ही नहीं.।

## सीएम राइज विद्यालय में वाणिज्य और कृषि संकाय विषय को लेकर छात्रो की मांग

### छात्र छात्रों एवं अभिभावकों के द्वारा की जा रही मांग

छपारा यशोः- नगर के सीएम राइज विद्यालय में वाणिज्य एवं कृषि संकाय विषयों के अध्यापन की सुविधा प्रारंभ किए जाने को लेकर स्कूल के छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों की ओर से मांग की जा रही है। ज्ञात हो कि छपारा विकासखंड वाणिज्य एवं कृषि प्रधान क्षेत्र है जिसे दृष्टिगत रखते हुए




विकास खंड के सीएम राइज विद्यालय में यह दोनों ही विषयों की पढ़ाई सुविधा मिलना अत्यंत आवश्यक है,वही बताया जाता है कि पूर्व के वर्षों में लगभग 15से 20वर्ष पहले जब स्कूल सीएम राइज नही था तब यह विषय यहा संचालित थे।

वर्तमान में था विषय यहा उपलब्ध नही होने से नगर से बाहर रहकर छात्र छात्राओं को इन विषयों पर अध्यापन करना पड़ रहा है विद्यालय के प्राचार्य महेश कुमार रहमत करने बताया कि क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है यदि छपारा सीएम राइज विद्यालय में वाणिज्य एवं कृषि संकाय के अध्यापन को राज्य शिक्षा केंद्र के द्वारा आरंभ किया जाता है तो क्षेत्र से अनेकों छात्र- छात्राएं सीए एवं कृषि वैज्ञानिक बनकर निकलेंगे जो अपने साथ साथ क्षेत्र को गौरवान्वित करेंगे। ज्ञात हो कि इस वर्ष छपारा सीएम राइज विद्यालय कक्षा दसवीं के छात्र सुधांशु चौकसे ने राज्य की प्रवींण्य सूची में आठवां स्थान प्राप्त किया वहीं विद्यालय की ही कक्षा दसवीं की छात्रा कु. इशिता चौरसिया ने जिले की प्रवीण्य सूची में प्रथम स्थान बनाया है इसके अतिरिक्त कक्षा बारहवीं के 16 छात्रों ने 75प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

अतः छात्र छात्राओं ने राज्य शासन शिक्षा विभाग से अपील की है कि कॉमर्स और एग्रीकल्चर विषय को शुरू करने की मांग है जिससे यह दोनों विषय की सुविधा स्थानीय स्तर पर मिलने लगेगी तो नगर से बाहर जाने से बच जाएंगे।

दैनिक यशोन्नति



## 1 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के संबंध में आयुष मंत्री ने ली आयुष अधिकारियों की बैठक

बालाघाट यशोः- 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के संबंध में आयुष मंत्री श्री कावरे ने ली आयुष अधिकारियों की बैठक मध्?यप्रदेश शासन के आयुष एवं जल संसाधन विभाग के राज्?य मंत्री श्री रामकिशोर नानो कावरे 27 मई को जिले के आयुष चिकित्सकों, सीएचओ, प्रभारियों तथा योग प्रशिक्षक व सहायकों की बैठक ली और आयुष विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की ।जिला आयुष कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में आयुष मंत्री श्री कावरे ने 21 जून 2023 अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग और ध्यान में सहभागिता हेतु अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर आमजनों को जागरूक करने व उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने निर्देशित किया । साथ ही आयुर्वेद के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य में सुधार और आदिवासी समुदाय की आजीविका में सुधार के उद्देश्य से प्रारंभ देवारण्य योजना को भी जन जन तक पहुँचाने और योजना के माध्यम से आयुष औषधियों के उत्पादन की एक पूरी वैल्यू चेन का विकास करने कृषकों व स्व-सहायता समूहों को जागरूक करने जिला आयुष अधिकारी तथा विकासखंड स्तरीय नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया ।मंत्री श्री कावरे ने सभी आयुष चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि वे सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति सुनिश्चित करे व आयुष विभाग की समस्त योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करें और जन-जन में आयुष को लोकप्रिय बनाने के लिए काम करें। जिले में अब तक 46 स्थानों पर स्थानों पर वेलनेस सेंटर खोले गये हैं, उनका संचालन अच्छे हो यह सुनिश्चित किया जाये। इसी प्रकार आयुष ग्राम योजना में चयनित ग्राम के प्रत्येक घर का सर्वे किया जाये। आम जन को अपने घर पर ही हर्बल गार्डन तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाये। आयुष को आम जन की दिनचर्या में शामिल करने के लिए कार्य करने की जरूरत है।

# भारतीय पर्व-पर पराओं का सबसे महत्वपूर्ण अंग है गौ-वंश

भोपाल - भारतीय सनातनी, हिन्दू परिवारों में होने वाले छोटे से छोटे आनुष्ठानिक कार्यों से लेकर बड़े से बड़े आयोजनों में गाय के पूजन से लेकर उसके सभी उत्पाद जैसे दूध, दही, घृत, गोबर, गौ-मूत्र (पञ्चगव्य) की उपयोगिता अनिवार्य सुनिश्चित की गई है। हिन्दू घरों में प्रतिदिन चूल्हे पर बनने वाली प्रथम रोटी को गाय की रोटी माना गया है, इसे ही हम ÷गौ-ग्रास÷ कहते हैं। प्रातःकाल उठ कर हिन्दू परिवार के सदस्य सर्वप्रथम घर में बनी गौ-शाला गौ-शाला में जाकर गाय को प्रणाम कर उसे हरी घास आहार के रूप में समर्पित कराते हैं। गायों का गोबर उठा कर उसे व्यवस्थित रीति से सुरक्षित करना दिनचर्या का अंग होता है। यह दिनचर्या आज भी भारतीय पार परिक परिवारों में देखी जा सकती है। प्रातःकाल जागरण से लेकर गौ-दोहन, गौ-चारण और सायंकाल गोचर कर गायों का समूह में घर में वापस आने की बेला को पवित्र ÷गोधूलि बेला÷ माना गया है। गौ-सेवा को अत्यंत पवित्र कर्त्तव्य हमारे भारतीय धर्म शास्त्रों में व्या यायित किया गया है। गाय को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष प्रदान करने वाली देवी कहा गया है। गाय




का यह महत्त्व कोटि-कोटि हिन्दू जन-मानस में सदियों से रचा-बसा है। इसी कारण गाय और स पूर्ण गौ-वंश को हम आस्था और श्रद्धा के केंद्र में रखते हैं।

गाय को भारत की आर्थिक समृद्धि का आधार माना गया है, गौ-वंश को भारतीय कृषि का आधार, पर्यावरण की संरक्षिका, भौतिक विज्ञान के अनुसंधान का केंद्र, आयुर्वेद का आधार सहित विभिन्न विधाओं को प्रभावित करने वाला ÷भारतीय गौ-वंश÷ की महिमा अपार है। भारतीय पार परिक पर्वों की श्रंखला में अनेक पर्व तो सीधे गौ-वंश के लिये ही हैं जैसे वत्स-द्वादशी, गोपाष्टमी तथा दीपावली के दूसरे दिन गोवर्द्धन पूजा का पर्व।

**भारतीय पार परिक**

**पर्वों में छिपा है वैज्ञानिक तथ्य**

भारतीय पर्वों को मनाने की अपनी एक विशिष्ट शैली है, जिसमें तिथि, नक्षत्र, दिन, योग एवं पर्व केंद्रित रीति-रिवाज एवं पर्व का देवता, देवी एवं उनके पूजन, स्मरण आदि का सामाजिक महत्त्व तथा उनमें छिपा विविध प्रकार का अन्वेषण जनित विज्ञान अवस्थित है। अधिकतर विज्ञान का वह पक्ष जिसे हम बोलचाल की भाषा में ÷मनोविज्ञान÷ कहते हैं; पर्वों को आयोजित करने एवं उनके मनाने में जन-मन का अनुरंजन, विनोद, आनंद, उल्लास, मानसिक उमंग ये सब मनोविज्ञान के विविध आयाम हैं। इसकी पुष्टि भारतीय मान्यताओं में प्रकृति की अष्टधा रूपों में अभिव्यक्त है।

**भूमिरापोनलो वायुःखं मनोबुद्धिरेव च।**

अहंकार इतीयं मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा।। की ही अभिव्यक्ति है।

पर्वों की प्रासंगिकता उनके आर भिक काल में जितनी थी, आज भी वे सभी भारतीय प्राचीन पर्व उतने ही प्रासंगिक और महत्वपूर्ण है; उनके वर्तमान समय में युगानुकूल, सामयिक और नवाचारित स्वरूप में प्रस्तुत कर उन्हें अत्यधिक प्रासंगिक बनाना समय की अनिवार्यता है।

**गौ-वंश कभी भी अनार्थिक और अनुपयोगी नहीं होता**

आज किसान या गौ-पालकों द्वारा गोवंश को बेसहारा किया जा रहा है। उन्हें यह कह कर घर से बाहर किया जा रहा है कि गाय दूध नहीं दे रही है और बैल की खेती-किसानी में उपयोगिता नहीं रही। कारण अब कृषि का यांत्रिकीकरण हो गया है जबकि तथ्य इसके विपरीत है। गाय दूध दे रही या नहीं, बैल कृषि कार्य करने योग्य है या नहीं÷ गौ-वंश को अनार्थिक और अनुपयोगी नहीं कह सकते। गौ-वंश से हमें गोबर और गौ-मूत्र जीवन भर मिलता है। दूध तो गाय का सबसे सस्ता उत्पाद है किन्तु गोबर और गौ-मूत्र बहुमूल्य उत्पाद या कीमती पदार्थ हैं। गाय का दूध तो मानव के लिये पौष्टिक आहार है किन्तु उससे भी अधिक गौ-वंश का गोबर और गोमूत्र धरती का पोषण आहार है। मानव शरीर और मानवीय बुद्धि को स्वस्थ रखने के लिये दूध, दही, मही, घी, मे खन और धरती को स्वस्थ और उर्वरक बनाये रखने के लिये गोबर, गौ-मूत्र धरती का पार परिक आहार है। मनुष्य की भाँति धरती को भी पोषण आहार की आवश्यकता है उसकी पूर्ति गौ-वंश से प्राप्त गोबर और गौ-मूत्र से होती है। इतना ही नहीं गोबर और गौ-मूत्र से अनेक उत्पाद आज वैज्ञानिक पद्धति से तैयार हो रहे हैं।

दीपावली और होलिकोत्सव से यदि हम गौ-वंश को जोड़ कर उसका विश्लेषण युगानुकूल, सामयिक और नवाचार के साथ करें तो गौ-शालाओं में आर्थिक दृष्टि से आत्म-निर्भरता और स्वावल बन के द्वार खोले जा सकते हैं।

भारतवर्ष के सांस्कृतिक और धार्मिक मान्यताओं के आधार पर दीपावली और उसके आस-पास की तिथियाँ आर्थिक समृद्धि की देवी लक्ष्मी के पर्व की तिथियाँ हैं। हम गौ-शालाओं से प्राप्त गोबर के अनेक उत्पादों यथा गोबर के दीपक, गमले, पेंट, गौ-मूत्र से बनाये गये गोनाईल आदि के विक्रय से आर्थिक लाभ ले सकते हैं। इसी प्रकार होलिका दहन भी गोबर से बने कण्डों से तथा गौ-काष्ठ से करने का प्रचलन आर भ कर, जंगल से लकड़ी काटने में रोक लगा कर पर्यावरण का संरक्षण करने का अभियान चला सकते हैं। जंगल कटने से बचेंगे और पर्यावरण सुरक्षित होगा। मानव की मृत देह का अंतिम संस्कार भी गौ-शालाओं में गोबर से बनने वाले गौ-काष्ठ और गोबर के कण्डों से कर सकते हैं। इस विधि से भी गौ-शालाओं में आर्थिक समृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है।

**लेखक मध्यप्रदेश गौ-संरक्षण एवं संवर्द्धन बोर्ड की कार्य परिषद के अध्यक्ष है।**

## अब दोनों हाथो से लिख सकेगी 12 साल की श्रद्धा बाहेश्वरबालिका श्रद्धा के जीवन में आई खुशहाली

***जिले की लालबर्रा तहसील के ग्राम बकोड़ा की निवासी बालिका श्रद्धा बाहेश्वर पिता मायाराम एवं माता सुखवंती बहेश्वर की उम्र 12 वर्ष है। वह जन्म से ही जन्मजात सिंडिकेटली उंगलियों की बीमारी से पीड़ित थी ।***

बालाघाट यशोः- अब दोनों हाथो



से लिख सकेगी 12 साल की श्रद्धा बाहेश्वरबालिका श्रद्धा के जीवन में आई खुशहालीकहते हैं जहां चाह होती है वहां राह निकल आती है। इसे साबित किया है 12 वर्ष की बालिका श्रद्धा बाहेश्वर ने । जन्?मजात बीमारी की वजह से बालिका की अंगुलियां आपास में जुड़ी हुई थी, लेकिन आपरेशन के बाद बालिका श्रद्धा की अंगुलिया भी सामान्य हो गई है। अब वह भी सामान्य बच्चों की तरह अपनी अंगुलियों से सारे काम कर सकती है। मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज पांडेय के मार्गदर्शन में बालिका श्रद्धा का उपचार कराया गया है, जिससे उसे अब नया जीवन मिल गया है और बालिका श्रद्धा अब बहुत खुश है।जिले की लालबर्रा तहसील के ग्राम बकोड़ा की निवासी बालिका श्रद्धा बाहेश्वर पिता मायाराम एवं माता सुखवंती बहेश्वर की उम्र 12 वर्ष है। वह जन्म से ही जन्मजात सिंडिकेटली उंगलियों की बीमारी से पीड़ित थी । उसके दोनों हाथों की अंगुलियां चिपकी हुई थी जिसके कारण वह लिखने में असमर्थ थी और सामान्य बच्चों के सामने अपने आप को कमजोर महसूस करती थी और उसके मन में हीन भावना आती थी। एक दिन उनके स्कूल में जिला चिकित्?सालय बालाघाट की आरबीएसके की टीम पहुंची और उन्होंने उस बच्ची का स्वास्थ्य परीक्षण कर जिला अस्पताल परिसर में संचालित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र पहुंचाया।

यहां पर उसका पंजीयन कर उसको जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ टर शुभम लिल्हारे सर्जरी विशेषज्ञ को दिखाया गया। इसके पूर्व में बच्?ची के माता-पिता बहुत से निजी संस्थानों में जाकर बालिका के उपचार के लिए प्रयास कर चुके थे। किंतु माता-पिता की आर्थिक स्थिति ने इस बच्ची श्रद्धा को उपचार से वंचित रखा ।जिला चिकित्?सालय में डॉ शुभम लिल्हारे सर्जरी विशेषज्ञ के द्वारा बताया गया कि इस बच्ची के उपचार करने में कोई समस्या नहीं है किंतु उपचार करने के लिए आवश्यक उपकरण की आवश्यकता है जिसके लिए उन्होंने डॉ संजय धबडगांव सिविल सर्जन एवं अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय बालाघाट को अवगत कराया कि इस बच्ची के उपचार के लिए इक्विपमेंट्स की आवश्यकता होगी । उन्होंने तत्काल विशेष प्रोविजन के तहत इस बच्ची के लिए उपकरण बुलाकर डॉ टर शुभम लिल्हारे को दिया और डॉ टर शुभम लिल्हारे के द्वारा बिना किसी देर के इस बच्ची का ऑपरेशन शहीद भगत सिंह जिला चिकित्सालय बालाघाट में ही संपन्न कराया गया।लगभग एक सप्ताह के उपचार उपरांत आज 23 मई को बच्ची श्रद्धा बाहेश्वर को डिस्चार्ज किया गया है। इस बच्ची के उपचार के बाद माता-पिता भी बहुत खुश हैं । माता-पिता ने डॉ टर शुभम लिल्हारे एवं जिला अस्पताल के समस्त स्टाफ को धन्यवाद दिया कि आज उनकी वजह से उनकी बच्ची आगे अच्छे से लिख पढ़ सकेगी साथ ही आर बी एस के टीम लालबर्रा को भी धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने ली बस संचालकों की बैठक

छिन्दवाडा - छतरपुर में हुई घटना को देखते हुए परिवहन मंत्री सहित परिवहन आयुक्त द्वारा मध्यप्रदेश के सभी जिलों में कार्यवाही के आदेश जारी किये जाने के परिप्रेक्ष्य में आज आर.टी.ओ.कार्यालय में बस संचालकों की बैठक संपन्न हुई । बैठक में बसों के फिटनेस संबंधित बिन्दुओं पर चर्चा की गई ।




अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि बैठक में सभी बस संचालकों को निर्देश दिये गये कि सभी बस संचालक अपने-अपने वाहनों में तत्काल सुधार कार्य करने के बाद ही बस संचालन करेंगे, अन्यथा उन्हें परिवहन विभाग की कठोर कार्यवाही का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने निर्देश दिये कि वाहन की संपूर्ण बॉडी ठीक हालत में होना चाहिए और वाहन में हार्न चालू हालत में होना चाहिए । वाहन में स्पीड गवर्नर लगा हो व चालू हालत में हो। वाहन में वैध अग्नि शमन यंत्र होना चाहिए और वाहन में प्राथमिक उपचार की दवाईयां व पट्टी बंध रखना आवश्यक है। वाहन का आपातकालीन द्वार आसानी से खुलना व बंद होना चाहिए और वाहन का वाइपर, संपूर्ण लाईट व इंडीकेटर चालू हालत में होना चाहिए। वाहन में लगे कांच सही हालत में हो और वाहन के पीछे लगे कांच पर जाली नहीं होना चाहिए। वाहन में चढ़ने व उतरने के गेट के दरवाजे पर पकड़ने की राड लगी हो और मंजली गाड़ी में किराया सूची लगी होना चाहिए। वाहन में दिव्यांग व महिलाओं के लिए आरक्षित सीट उल्लेखित होना चाहिए। वाहन का फर्श, कुर्सियां सही हालत में हो और वे आधार से सही तरीके से फि स होना चाहिए। वाहन में लगे टायर रिमोल्ड नहीं होना चाहिए व सही हालत में होना चाहिए। वाहन चालक को स त निर्देश दें कि वह वाहन का संचालन करते समय मोबाईल फोन/नैक बैन्ड का उपयोग नही करेगा और जिस अनुज्ञापत्र के अन्तर्गत यात्री वाहनों का संचालन 300 कि.मी. से अधिक हो रहा है, उसमें दो चालक रखना अनिवार्य है। वाहन का संचालन करते समय वैध बीमा वैध फिटनेस या वैध परमिट होने पर ही मार्ग पर वाहन का संचालन करना सुनिश्चित करें । वाहन के व्दितीय दरवाजे और आपातकालीन खिडकी पर सीट लगी नहीं होना चाहिए।

## नवविवाहित बेटियाँ भी पात्रतानुसार मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना में होंगी लाभान्वित - मु यमंत्री

**मु यमंत्री, झाबुआ के थांदला में सामुहिक कन्या विवाह समारोह में वर्चुअली शामिल हुए नवविवाहित 300 जोड़ों को दी बधाई**

भोपाल - मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि नवविवाहित बेटियों को भी मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना में पात्रतानुसार लाभान्वित करने आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं। राज्य सरकार ने बेटियों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएँ संचालित की हैं। बेटियाँ हमारे लिए वरदान हैं, कोई बोझ नहीं हैं। एक समय था जब बेटियों के प्रति दृष्टिकोण अपेक्षाकृत कम सकारात्मक था। वर्ष 2006 में मु यमंत्री कन्यादान योजना की शुरूआत के बाद लाड़ली लक्ष्मी योजना और अब लाड़ली बहना योजना प्रारंभ की गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती में 30 प्रतिशत और स्थानीय निकायों में 50 प्रतिशत स्थान बेटियों के लिए सुरक्षित रखने की व्यवस्था की गई। शिक्षण कार्य में भी बेटियों की हिस्सेदारी कम से कम आधी हो, इसकी पहल की गई है। आज प्रदेश की बेटियाँ शिक्षण सुविधाओं का लाभ लेते हुए स मानजनक स्थिति में हैं।

मु यमंत्री श्री चौहान ने आज मु यमंत्री निवास से झाबुआ जिले की थांदला जनपद पंचायत में 300 जोड़ों के मु यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह समारोह को वर्चुअली संबोधित किया। मु यमंत्री श्री चौहान ने नवविवाहितों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वे नवविवाहित बेटियों केलिए कामना करते हैं कि उनका सदैव मंगल और कल्याण हो। उनके पाँव में कांटा भी न लगे। विवाह आत्माओं



का पवित्र बंधन हैं। पति-पत्नी को एक-दूसरे का सहयोगी बनना है। दोनों आनंदपूर्वक रहें और परिवारों का स मान बढ़ाने का कार्य भी करें। विवाह में एक-दूसरे को दिए गए वचन भी निभाएँ। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विवाहित द पतियों को कन्या विवाह-निकाह योजना में 49 हजार रूपए की राशि का चेक प्रदान किया जा रहा है, इससे वे गृहस्थी का जरूरी सामान खरीद सकेंगे। मु यमंत्री श्री चौहान ने झाबुआ जिले में व्यवस्थित रूप से हो रहे समारोह के लिए प्रशासनिक अमले और आयोजन में सहयोगी व्यक्तियों को बधाई दी।

## संचालक सैनिक कल्याण मध्यप्रदेश एक जून को आयेंगे छिंदवाड़ा

छिन्दवाडा यशोः- जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल जया जेवियर (से.नि.) ने बताया कि आगामी एक जून को संचालक सैनिक कल्याण मध्यप्रदेश छिंदवाड़ा आयेंगे । संचालक सैनिक कल्याण मध्यप्रदेश एक जून को प्रात÷ 10 बजे शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में भूतपूर्व सैनिकों/ विधवाओं और उनके आश्रितों से भेंट कर उन्हें शासन द्वारा दी जाने वाली सभी कल्याणकारी योजनाओं की संपूर्ण जानकारी देंगे । उन्होंने जिले के सभी भूतपूर्व सैनिकों/ विधवाओं और उनके आश्रितों से अनुरोध किया है कि वे एक जून को प्रात÷ 10 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के बारे में संचालक सैनिक कल्याण मध्यप्रदेश को अवगत करायें और उनसे मुलाकात का लाभ उठायें ।

## पलायन की सूची सरपंच करेंगे प्रमाणित मु यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना के कार्यों की सीईओ ने की समीक्षा

**जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट अंतर्गत 17 शाखाओं और 126 सहकारी समिति में मु यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना का कार्य बदस्तूर जारी है।**

बालाघाट यशोः- पलायन की सूची सरपंच करेंगे प्रमाणितमु यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना के कार्यों की सीईओ ने की समीक्षाजिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट अंतर्गत 17 शाखाओं और 126 सहकारी समिति में मु यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना का कार्य बदस्तूर जारी है। जिसके परिणाम स्वरूप कुल आवेदनों 42959 में से 39132 आवेदन फॉर्म समिति स्तर पर जमा हो गए है। कले टर व बैंक प्रशासक डा. गिरीश



कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में बैंक सीईओ आर.सी. पटले द्वारा 29 मई को आयोजित शाखा प्रबंधकों, सुपरवाइजर, संस्था प्रबंधक की वीसी के माध्यम से मु यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना के संबंध में जानकारी ली गई। इस अवसर पर फील्ड अधिकारी राजेश नगपुरे उपस्थित रहे। बैंक सीईओ श्री पटले ने बताया कि समिति कार्य क्षेत्र के पलायन हुए पात्र कृषक की सूची सरपंच से प्रमाणित किया जाकर मु यालय प्रेषित किया जाए। ताकि जिला स्तर की कमेटी में अनुमोदन करवाया जा सके। श्री पटले ने कहा कि उच्च स्तर से प्राप्त निर्देशों के तहत कार्य किया जाना सुनिश्चित करे। इस दौरान मु यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना की शाखावार समीक्षा की गई।

# प्रदेश के किसी भी नगर में स्ट्रीट वेंडर्स से वसूली नहीं होगी - मु यमंत्री


भोपाल -मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में कहीं

**हाथ ठेला जब्त नहीं होगा, ठेला खरीदने के लिए मिलेगी सब्सिडी**
**गरीबों की तकलीफों को दूर करना शिवराज का धर्म**
**मु यमंत्री निवास पर हुई नगरीय क्षेत्र के हाथ ठेला चालक, फेरी एवं रेहड़ी वालों की महापंचायत**

भी किसी भी नगर में स्ट्रीट वेंडर्स से रोज शुल्क वसूली नहीं होगी, यह तत्काल बंद की जाएगी। स्ट्रीट वेंडर्स के रजिस्ट्रेशन के लिए नाममात्र का शुल्क लिया जाएगा। आपकी जिंदगी को आसान बनाने के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। हाथठेला लगाने के लिए व्यवस्थित और उपयुक्त स्थान तैयार किए जाएंगे। गरीबों की जिंदगी में खुशियाँ लाने का प्रयास हमेशा जारी रहेगा। हाथ ठेला रोजी-रोटी का साधन है। आज मैं तत्काल प्रभाव से निर्देश दे रहा हूँ कि कोई भी हाथ ठेला जब्त नहीं होगा। इसके लिए नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नियम बना दिए जाएँ। जिनके पास हाथ ठेला नहीं है उनको सब्सिडी पर हाथ ठेला देने की योजना बनाई जाएगी। इसके लिए सरकार 5 हजार रूपए सब्सिडी देगी। गरीबों की तकलीफों को दूर करना शिवराज का धर्म है। मु यमंत्री श्री चौहान, मु यमंत्री निवास पर नगरीय क्षेत्र के हाथ ठेला चालक, फेरी एवं रेहड़ी वालों की महापंचायत को संबोधित कर रहे थे।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा है कि स्ट्रीट वेंडर्स मेहनतकश भाई-बहन हैं। अपना खून-पसीना एक कर रोजी-रोटी कमाते हैं। आप श्रम साधक हैं, आपके बिना दुनिया नहीं चल सकती है। आप घर-घर पहुँच कर लोगों को सामान की बिक्री करते हैं। जरूरत की हर छोटी-बड़ी चीज आसानी से लोगों तक पहुँचाते हैं।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गाँव से शहर में आने वाले गरीबों के रहने की व्यवस्था की जाएगी। माफिया से छुड़ाई गई 23 हजार एकड़ जमीन पर गरीबों को पट्टा दिया जाएगा। जनता की तकलीफों को दूर करना सरकार का धर्म है। मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना में 1000 रूपए हर महीने बहनों के खाते मे डाले जाये संबल




योजना का लाभ मिलता रहेगा। इस योजना में महिलाओं के पोषण, बच्चों की पढ़ाई, इलाज, शादी, दुर्घटना में मृत्यु पर सहायता की व्यवस्था की गई है। सभी पात्रों को योजना में शामिल कर लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिलेगा। बारहवीं पास बच्चों को अलग-अलग संस्थाओं में काम सीखने के लिए भेजने की व्यवस्था की जाएगी। उनको काम सीखने के दौरान प्रतिमाह 8 हजार रूपए भी दिए जायेंगे। मैं आपके परिवार का सदस्य की तरह हूँ। इसलिए आपको योजनाओं का लाभ देने के लिए पंचायत बुलाई गई है। सामाजिक क्रांति लाकर स्ट्रीट विक्रेताओं की हालत को बदल दिया जाएगा। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कमजोर नहीं ताकतवर बनें। इसके लिये जरूरी है कि संगठित होकर काम करें। अपना एक संगठन बनायें। हाथठेला में कचरा पेटी रखें और सोलर बेट्री लगायें। शराब नहीं पियें।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कन्या-पूजन और दीप प्रज्ज्वलित कर महापंचायत का शुभारंभ किया। उन्होंने पुष्प-वर्षा कर स्ट्रीट वेंडर्स का स्वागत किया। स्ट्रीट वेंडर्स की ओर से मु यमंत्री श्री चौहान को तुलसी का पौधा भेंट किया गया। लाड़ली बहना योजना की पात्र बहनों ने धन्यवाद-पत्र भेंट किया। मु यमंत्री श्री चौहान ने पीएम स्व-निधि योजना में प्रतीकस्वरूप हितग्राहियों को लाभान्वित किया। प्रदेश में योजना से कुल 51 हजार हितग्राही लाभान्वित किए गए हैं।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि हाथठेला-चालक और पथ-विक्रेताओं के लिये शहरों में हॉकर्स जोन बनाये जाना चाहिये। उन्हें शासन की सभी जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि मु यमंत्री श्री चौहान ने कोरोना काल में लगातार पथ-विक्रेताओं की चिंता की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम स्व-निधि योजना लागू कर कोरोना काल में पथ-विक्रेताओं को बहुत बड़ी राहत दी। इस योजना में मध्यप्रदेश देश में न बर-1 है। योजना में 9 लाख 50 हजार रजिस्ट्रेशन हुए हैं। इनमें से 7 लाख एक हजार पथ-विक्रेताओं को योजना का लाभ दिया जा रहा है। आज पूरे प्रदेश में 51 हजार पथ-विक्रेताओं को ऋण स्वीकृति-पत्र वितरित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मु यमंत्री के निर्देशानुसार स्टॉ प शुल्क 2500 के स्थान पर मात्र 50 रूपये लिया जा रहा है।

आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री भरत यादव ने योजना के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हितग्राहियों को 10 हजार, 20 हजार और 50 हजार रूपये का ब्याजमुक्त ऋण दिया जाता है। पथ-विक्रेताओं से उनकी समस्याओं की भी जानकारी ली जा रही है। नगरपालिक निगम भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय ने आभार माना। विधायक श्री रामेश्वर शर्मा और श्रीमती कृष्णा गौर, प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री नीरज मण्डलोई और बड़ी सं या में पथ-विक्रेता और रेहड़ी वाले उपस्थित थे।

## नवोदय विद्यालय में कक्षा 11वी में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन भरे जा रहे है

सिवनी यशोः-जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 11वी 2023 में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन भरे जा रहे है, आवेदन पत्र भरने हेतु नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट www.navodaya.gov.in को ओपन करें आवेदन पत्र भरने हेतु अंतिम तिथि 31.05.2023 है। चयन परीक्षा दिनांक 22.07.2023 शनिवार को प्रातः 11:00 बजे से आयोजित होगी। सत्र 2022-23 में कक्षा 10वी में पास विद्यार्थी जिनका जन्म दिनांक 01.06.2006 से 31.07.2008 के मध्य हो, आवेदन कर सकते है।

## उद्यान विकास अधिकारी कमलेश प्रसाद मेहता निलंबित

सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल ने कृषकों की शिकायत तथा शिकायत की प्राथमिक जांच में कार्य के प्रति लापरवाही एवं किसानों को अनुदान राशि दिलाने के एवज में अनुचित रूप से राशि की मांग किये जाने की पुष्टि होने पर वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी कमलेश प्रसाद मेहता को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में कमलेश प्रसाद मेहता का मु यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुविभाग - सिवनी नियत किया गया है।

# ''हमें भोजन चाहिये त बाकू नही''- विषय पर मनाया जाएगा विश्व त बाकू निषेध दिवस''

**''31 मई 2023 को विश्व' त बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जनजागरूकता हेतु आयोजित की जाएगी विभिन्न3 गतिविधियां''**

सिवनी यशोः- यशोः-मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश श्रीवास्ताव ने बताया कि प्रतिवर्ष 31 मई को विश्वी त बाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है जिसमें यह सुनिश्चित किया जाता है कि त बाकू के सेवन से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभावों के प्रति, आमजन को जागरूक करने एवं त बाकू के सेवन से रोकथाम हेतु संबंधित नीतियो का स ती से पालन हो।

शासन के निर्देशानुसार विश्वू त बाकू निषेध दिवस 31 मई 2023 ''हमें भोजन चाहिए त बाकू नही'' विषय पर मनाया जाएगा एवं लोगो का ध्यान त बाकू के सेवन से होने वाले प्रभाव एवं इससे छुटकारा प्राप्त करने के उपाय से संबंधित सही जानकारी आमजन तक पहूंचायी जाए ताकि जनसमुदाय त बााकू का सेवन न करने, स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाने एवं कोटपा ऐ ट का पालन किए जाने के संबंध में प्रेरित हो सकें।

### तंबाकू से 15 वर्ष घट जाती है उम्र

भारत में हर वर्ष करीब 12 से 13 लाख लोगो की मृत्यु त बाकू उत्पादों से होने वाली बीमारियों के कारण हो जाती है। त बाकू प्रयोग करने वाले अपने जीवन के औसत 15 वर्ष खो देते है। धुआं रहित त बाकू के अत्यधिक उपयोग के कारण भारत में मुंह के कैंसर के मरीजो की सं याँ सबसे अधिक है। त बाकू का प्रयोग टी.बी. की बीमारी को बढ़ाता है।

### कैंसर होने की बढ़ जाती है संभावना

त बाकू के धुंए में 4 हजार से अधिक घातक रसायन होते है इनमें से 60 ऐसे तत्वा होते है जिनसे कैंसर




हो सकता है। धूम्ररहित त बाकू में लगभग 3000 रसायन होते है। इनमें से कार्बन मोनोऑ साहईड, टारनिकोटिन, ऐसीटोन, आर्सेनिक, डीडीटी सर्वाधिक घातक होते है। कार्बन मोनोऑ साईड खून में ऑ सीरजन की मात्रा को कम करता है। निकोटिन कोकीन और मॉर्फिन जैसा ही नसीला तत्वै जो व्यक्ति को नशे का आदी बनाता है।

### 397 पर की कार्यवाही

सिगरेट और अन्य त बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 (कोटपा) अधिनियम की धारा 4,5,6 एवं 7 के अंतर्गत जिला स्तरीय गठित निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण दल के द्वारा धारा 4 के तहत सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने वाले 397 लोगो पर जुर्माने की कार्यवाही की गई जिसमें 39,745 रूपये जुर्माना वसूला गया है, इसी तरह धारा 6ब के तहत शैक्षणिक संस्था नों के 100 मीटर के दायरे में त बाकू उत्पाद बेचने वाले 283 दुकानदारों पर कार्यवाही की गई जिसमें जुर्माने की राशि 43,375 रूपये वसूल किए गए। इस प्रकार कुल 83,120 रूपये जुर्माने की राशि के रूप में वसूल किया गया। उक्त वसूली गई जुर्माने की राशि को राज्य त बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठे वल्लयभ भवन भोपाल के खाते में जमा कर दिया गया है।

### शैक्षणिक संस्थानों के पास प्रतिबंधित है तंबाकू उत्पाद की बिक्री

जिले के प्रायः अधिकतर शैक्षणिक संस्थानों में छात्र/छात्राओं को त बाकू की लत से बचाने के लिए त बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाने के लिए निर्धारित प्रारूप के सूचना पटल लगाए गए है एवं त बााकू नियंत्रण समिति गठित की गई है। साथ ही यलो लाईन कै पेन चलाकर संस्थामन के 100 गज के दायरे में पीली रेखा बनाकर एवं त बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान लिखकर त बाकू मुक्त संस्थान बनाने का प्रयास किया जा रहा है। शैक्षणिक संस्थासओं के बच्चों को त बाकू उत्पांद से बचाने के लिए समझाईश दी जा रही है।

इस वर्ष 31 मई 2023 के अवसर पर ''भोजन चाहिए त बाकू नही'' थीम पर आधारित विषय पर 3 तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर त बाकू से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रवभावों के प्रति आमजनों को जागरूक करने के लिए जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी।



## गंगा दशहरा पर पांच कुण्डीय यज्ञ संपन्न

छपारा यशोः- नगर के शंकर मढीया स्थित गायत्री मंदिर में गंगा दशहरा गायत्री जयंती के पावन अवसर पर गायत्री शक्ति पीठ में पांच कुंडीय हवन का आयोजन किया गया।

गत दिनों गंगा दशहरा पर्व के साथ गायत्री जयंती के उपलक्ष में छपारा नगर के गायत्री परिवार, परिजनों द्वारा नगर मैं स्थित गायत्री मंदिर परिसर में पांच कुंडीय गायत्री हवन आयोजित किया गया जिसमें नगर के श्रद्धालु भक्तजनों ने बड़ी सं या में पूजा अर्चना कि इसके बाद समस्त श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर यज्ञ का समापन हुआ ।



## 4 नये उर्वरक विक्रय केन्द्रों का शुभारंभ

सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल के आदेशानुसार जिले में कृषकों को सुविधाजनक रूप से उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित के अतिरिक्त विकासखण्ड केवलारी के केवलारी एवं धानागढ़ ग्राम में विकासखण्ड सिवनी के बखारी ग्राम में एवं विकासखण्ड लखनादौन के मढ्ई ग्राम में अतिरिक्त नकद उर्वरक विक्रय केन्द्रों शुभारंभ 29 मई 2023 को उपसंचालक कृषि सिवनी एवं जिला विपणन अधिकारी द्वारा किया गया। कृषक भाईयों से अपील की जाती है कि म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित के अतिरिक्त उक्त नकद उर्वरक विक्रय केन्द्रों से भी उर्वरकों का क्रय कर सकते हैं।

## आँगनबाड़ी कार्यकर्त्ता की अनंतिम सूची जारी

### सात दिवस में दावा-आपत्ति आमंत्रित

सिवनी यशोः- परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना सिवनी ग्रामीण-01 ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत आयोजित खंड स्तरीय चयन समिति की बैठक में आंगनवाड़ी केन्द्र सोनाडोंगरी में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पद पूर्ति हेतु प्राप्त आवेदनों में से वरियता क्रम के आधार पर श्रीमती प्रतिभा यादव का आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिए अनंतिम सूची जारी कर दी गई है। जारी अनंतिम सूची के अनुसार चयनित आवेदिका के विरूध्द यदि किसी आवेदिका को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सह प्रमाण सहित अपना अ यावेदन अनंतिम सूची के प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के अंदर संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

इसी तरह परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना सिवनी ग्रामीण-02 अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्र कामता की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा आंगनवाड़ी केन्द्र मेहलोन एवं सालीवाड़ा के लिए आंगनवाड़ी सहायिका की प्राप्त आवेदनों के वरियता क्रम के आधार पर अनंतिम सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। अनंतिम सूची के विरूध्द आवेदक सह प्रमाण अ यावेदन 7 दिवस के अंदर संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।



## एनटीपीसी- जेपीएल के सहयोग से 3 पीएचसी में मेडिकल ओपीडी की शुरुआत

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में एनटीपीसी-झाबुआ पावर लिमिटेड की ओर से जिलें के आदिवासी बाहुल्य अंचल घंसौर के कहानी, केदारपुर एवं दुर्जनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को एक योग्य डॉ टर और नर्स की सुविधा दी गई हैं।

जिसका शुभारंभ 29 मई 2023 से पीएचसी-कहानी से अनिल कुमार शर्मा-सीईओ, एनटीपीसी-जेपीएल, डॉ.भारती बीएमओ घंसौर और रोहित उइके-सरपंच, ग्राम पंचायत कहानी की उपस्थिति में किया गया। पीएचसी कहानी में प्रत्येक सोमवार और मंगलवार,केदारपुर पीएचसी में प्रत्येक बुधवार और गुरुवार को और दुर्जनपुर में प्रत्येक शुक्रवार और शनिवार को ओपीडी की सुविधा प्रदान की जाएगी।

## पीएचई के कार्यपालन यंत्री निलंबित

बालाघाट यशोः- लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट के कार्यपालन यंत्री अरुण श्रीवास्तव, को राज्य शासन ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है । कार्यपालन यंत्री, पीएचई, बालाघाट को समूह जल प्रदाय योजना के संधारण कार्य में बिना निविदा के कार्य कराने एवं अनियमित भुगतान करने के मामले में मध्यप्रदेश सिविल सेवा अधिनियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया गया। इस निलंबन के दौरान श्री श्रीवास्तव का मु यालय मु य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी भोपाल होगा उन्हें इस दौरान नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी ।

# कबड्डी और फुटबॉल का प्रशिक्षण ले रहे बच्चे, सरपंच ने स्वलापहार वितरित कर बढ़ाया हौसला

**विकासखंड मु यालय कुई में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण**

कुरई यशोः- शिविर आयोजित किया गया है. जहां प्रतिदिन बालक - बालिकाओं को कबड्डी और फुटबॉल खेल के हुनर सिखाए जा रहे हैं. आज कुरई ग्राम पंचायत की सरपंच महोदया श्रीमति तरुणा परते बच्चों का हौसला बढ़ाने खेल मैदान पहुंची. जहां विकासखंड युवा समन्वयक श्री निकेश पदमाकर सहित मौके पर उपस्थित खेल प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर सरपंच महोदया का स्वागत किया.



सरपंच महोदया द्वारा बच्चों को खिलाए जा रहे खेलों की जानकारी के साथ ही पानी, मैदान, सहित अन्य व्यवस्था का जायजा भी लिया. बच्चों को संबोधित करते हुए सरपंच महोदया ने कहा कि स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है और स्वस्थ रहने के लिए खेल जरूरी है. उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा- यह खुशी की बात है कि छुट्टी के दिनों में बच्चे घर में रहकर मोबाइल और टीवी देखते उससे अच्छा बच्चों ने अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल को चुना है. सभी पालकों को अपने बच्चों को खेल से जोड़ना चाहिए और खेल प्रशिक्षण के लिए भेजना चाहिए।

पूर्ण मनोयोग से बच्चे ले रहे प्रशिक्षण विकासखंड युवा समन्वयक श्री निकेश पदमाकर ने बताया कि संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग से मिले निर्देशों के तहत ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में विकासखंड स्तर पर चयनित 2 खेलों में कबड्डी और फुटबॉल का प्रशिक्षण दिया जा इन रहा है जिसमें कबड्डी का प्रशिक्षण अग्रणी पब्लिक स्कूल मैदान में श्री नरेंद्र पवार जी एवं फुटबॉल का प्रशिक्षण श्री सियाराम उईके जी द्वारा प्रदान किया जा रहा हैं जिसमें बच्चे पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं. इसी क्रम में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाने पहुंची खेलो में विशेष रुचि रखने वाली सरपंच महोदया द्वारा सभी खिलाड़ियों से परिचय उपरांत स्वल्पाहार स्वरूप बिस्किट पैकेट वितरित कर प्रोत्साहित किया गया. खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन करने पहुंची सरपंच महोदया का युवा समन्वयक श्री निकेश पद्माकर, कबड्डी प्रशिक्षक श्री नरेंद्र पवार जी एवं उपस्थित समस्त खिलाड़ियों ने धन्यवाद प्रेषित किया।

## वीरेंद्र सिंह बघेल ने मिस्टर रेड कारपेट 2023 का खिताब जीत कर शहर को किया गौरवान्वित

सिवनी यशोः- डिजिटल भारत प्रेजेंट्स मिस्टर रेड कारपेट फैशन शो रनवे का कार्यक्रम दिनांक 27 मई 2023 को जबलपुर में आयोजित किया गया, जिसमें देश के विभिन्न प्रदेशों से आए युवा एवं युवतियों ने भाग लिया, जिसमें सिवनी जिले के बेटे वीरेंद्र सिंह बघेल द्वारा मिस्टर रेड कारपेट का खिताब जीतकर सिवनी जिले का नाम प्रदेश में एवं देश में गौरवान्वित किया। ज्ञात हो कि मिस्टर रेड कारपेट विनर मिस्टर वीरेंद्र सिंह बघेल भाजपा नेत्री सुश्री रानी बघेल जो वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की जिले कि मंत्री हैं एवं सुश्री बिंदु बघेल जो महिला मोर्चा की जिले की उपाध्यक्ष हैं उनके छोटे भाई हैं श्री वीरेंद्र सिंह बघेल द्वारा इसके पूर्व भी दक्षिण भारत की फिल्म अपकमिंग मूवी नरकासर में भी अहम रोल अदा





किया गया है वीरेंद्र सिंह बघेल द्वारा सिवनी जिले का नाम ऐसे मंच में गौरवान्वित करने के कारण उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं शुभ कामनाओं के साथ उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं जिले वासियों द्वारा व्यक्त की गई है और आशा है कि वह लगातार अपनी प्रतिभाओं से सिवनी जिले का नाम गौरवान्वित करेंगे।

# चीतों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए ट्रेनिंग पर नामीबिया जाएंगे अधिकारी

भोपाल। केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को कहा कि चीता परियोजना के अंतर्गत चीता संरक्षण एवं प्रबंधन में संलग्न अधिकारी और कर्मचारियों को नामीबिया/दक्षिण अफ्रीका अध्ययन प्रवास के लिए चयनित कर भेजा जाएगा। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि चीतों की सुरक्षा, संरक्षण, संवर्धन और प्रस्तावित चीता प्रोटे शन फोर्स के लिए केंद्र सरकार की ओर से वित्तीय संसाधन सहित हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

यादव ने यहां मु यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में मध्य प्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के वन मंत्री विजय शाह और राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में चर्चा करते हुए यह बात कही। केन्द्रीय मंत्री ने कूनो राष्ट्रीय उद्यान के लिए अतिरिक्त वन रक्षक और वनपाल की व्यवस्था का आग्रह करते हुए कहा कि अधोसंरचना और मानव संसाधन दोनों आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि परियोजना से संबंधित भ्रामक सूचनाएं प्रायः सामने आती हैं, ऐसे में आमजन को भी प्रामाणिक जानकारी मिलनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में कूनो राष्ट्रीय उद्यान में सात चीते खुले वन क्षेत्र और 10 चीते अनुकूलन बाड़ों में रह रहे हैं। यादव ने कहा कि आगामी नव बर तक चीतों के लिए वैकल्पिक रहवास के तौर पर प्रदेश स्थित गांधी सागर अभयारण्य को भी तैयार किया जा रहा है। उन्होंने



कहा, ''कूनो में भी अनुमानित क्षमता के मुकाबले अभी चीते कम हैं। चीतों की देखभाल करने वाला स्टॉफ भी परिश्रमी है। परियोजना निश्चित ही सफल होगी।''

यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार गंभीरता से परियोजना के क्रियान्वयन के लिए कार्य कर रही है। परियोजना में विदेशी विशेषज्ञों की सेवाएं निरंतर मिल ही रही हैं। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि वे आगामी छह जून को कूनो राष्ट्रीय उद्यान जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। वहीं, मु यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश को 'चीता स्टेट' के तौर पर पहचान बनाने के लिए बड़ी सौगात दी है।उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की पहले ही बाघ, तेंदुआ और घड़ियाल के लिए पहचान थी और अब 'चीता राज्य' के तौर पर पहचान बन गई है जो प्रतिष्ठा की बात है।

चौहान ने कहा कि हाल ही में तीन चीता शावकों की असमय मृत्यु पर मैं काफी चिंतित था। चीतों की समुचित देखभाल के लिए सरकार पूरे प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सच है कि पूरे विश्व में चीता शावकों के अस्तित्व का 'सर्वाइवल रेट' कम है, लेकिन हमारे प्रयासों में कमी नहीं रहेगी। चौहान ने कहा कि राज्य सरकार चीता परियोजना की सफलता के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि चीता परियोजना से जुड़ा स पूर्ण अमला, जज्बे के साथ कार्य कर रहा है, परियोजना की प्रगति संतोषजनक है।

उन्होंने निर्देश दिए कि चीतों के लिए वैकल्पिक रहवास के लिए गांधी सागर अभयारण्य में आवश्यक व्यवस्थाएं युद्ध स्तर पर पूर्ण करवाएं। बैठक में परियोजना से पर्यटन विकास की गतिविधियों पर भी चर्चा हुई। प्रदेश के वन मंत्री शाह ने चीतों की निगरानी में तैनात कर्मचारियों को सुरक्षा की दृष्टि से आधुनिक वाहन भी उपलब्ध करवाने का सुझाव दिया।

इस बैठक में केन्द्रीय वन महानिदेशक एवं विशेष सचिव सी.पी. गोयल, मध्य प्रदेश के अपर मु य सचिव वन जे एन कांसोटिया, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण नई दिल्ली के सदस्य सचिव डॉ. एस पी यादव, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति शिव शेखर शु ला, प्रधान मु य वन संरक्षण वन्यप्राणी जे एस चौहान एवं अपर सचिव वन विभाग अशोक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## आयुर्वेद में बीमारियों को जड़ से नष्ट करने की क्षमता - प्रेमसिंह पटेल

भोपाल - आयुर्वेद हमारी देश की प्राचीन चिकित्सा पद्धति है। ऋषि-मुनि और आमजन सभी आयुर्वेदिक दवाइयों का उपयोग करके स्वस्थ्य एवं निरोगी जीवन जीते थे। इनका कोई साइड इफे ट भी नहीं होता था। आज हमारे देश के चिकित्सा विज्ञान ने बहुत प्रगति कर ली है। परन्तु आज भी कई बीमारियों का इलाज सिर्फ आयुर्वेद में है। आयुर्वेद ही एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जिसमें बीमारियों को जड़ से नष्ट करने की क्षमता है। आयुर्वेद पद्धति का इलाज धीरे-धीरे कुछ ल बा समय लेकर आराम देता है और बीमारी को खत्म कर देता है।

मंत्री श्री पटेल ने यह बात रविवार को बड़वानी में आयुष मेले का शुभारंभ करते हुए कही। उन्होंने आयुष विभाग द्वारा लगाये जा रहे मेलों की सराहना करते हुए लोगों को आयुर्वेद अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मोटा अनाज हमारे स्वास्थ्य के लिए कई तरह से लाभदायक हैं। हम अपने जीवन में गेहूँ एवं चावल के अलावा बाजरा, ज्वार, रागी की रोटी, खिचड़ी, उपमा का सेवन करे तो हमारे शरीर को सभी पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। इससे मधुमेह उच्च रक्तचाप, कैंसर, मोटापा आदि रोगों से बचाव में सहायता मिलती है।

मेले में विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, औषधीय पौधों का वितरण, योग दिवस के लिए हर दिल ध्यान हर दिन ध्यान पर पंजीयन, एन.सी.डी. स्क्रीनिंग, स्वर्णप्राशन संस्कार स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दिया गया।

# विधायक ने किया नगर की 13 सड़कों के डामरीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमिपूजन

सिवनी यशोः- मंगलवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन मु य आतिथ्य मे सिवनी नगरीय क्षेत्र की 13 सड़कों के डामरीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया।



मध्यप्रदेश सरकार के कायाकल्प अभियान के अंतर्गत सिवनी नगर पालिका परिषद द्वारा 254.23 लाख की लागत से नगरीय क्षेत्र की 13 मु य सड़कों का डामरीकरण, सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमि पूजन विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, नगर पालिका के अध्यक्ष शफीक खान सहित पार्षद गणों व गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिति में नपा कार्यालय के सामने से किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों व कर्मचारियों विधायक श्री राय सहित समस्त अतिथियों का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजेश त्रिवेदी पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, संतोष नगपुरे, अजय बाबा पांडे अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पीजी कॉलेज, श्रीमती अनसूईया पटवा , राजू यादव , अनिल पटवा, ओम राजपूत भाजपा मंडल अध्यक्ष चमारी, राजीव उइके भाजपा मंडल अध्यक्ष बीजादेवरी, अनूप मिश्रा आशीष सोनी भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी, अहफाज खान, अखिलेश राय जेवनारा माल, रंजीत राय शेरु बघेल भाजयुमो, जिब्राईल मंसूरी मीडिया प्रभारी, रामकुमार कुर्वेती जी मु य नगरपालिका अधिकारी, संतोष तिवारी उपयंत्री, सुरेन्द्र राहंगडालेउपयंत्री, कपिल सोनी एवं गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके पश्चात विधायक श्री राय ग्राम कलारबांकी बस स्टैण्ड में मां गायत्री शक्तिपीठ निर्माण समिति द्वारा भव्य गायत्री शक्तिपीठ निर्माण हेतु भूमिपूजन एवं दीप ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम मे शामिल हुए।

# केन्द्रीय मंत्री सिंधिया कलार समाज के कार्यक्रम में हुये शामिल



ग्वालियर - केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 30 मई को ग्वालियर में आयोजित कलचुरी समाज के कार्यक्रम में शामिल हुये । सिंधिया ने कलार समाज के लोगों से बड़ी सह्रदयता के साथ मुलाकात की, और कई सामाजिक व राजनीतिक मुद्दों पर बातचीत की। सूत्रों के मुताबिक, सिंधिया ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि आप एक संपन्न समाज हैं लेकिन राजनीति में आपकी उस तरह की सक्रियता नहीं है। आपको अधिक से अधिक राजनीति में जुड़ना चाहिए। महिलाओं को राजनीति से जोड़ने पर उनका जोर अधिक रहा। उन्होंने कहा कि कल्चुरी समाज से उनके निकट के संबंध है उनके महल में भगवान सहूत्रबाहु जी प्रतिमा है । इस समाज की बेहतरी के लिये वे हर संभव प्रयास करेंगे । इस सामाजिक कार्यक्रम में सिवनी भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप राय भी शामिल हुये थें ।

## सतत, व्यापक, अधिगत एंव मूल्यांकन प्रशिक्षण की तैयारी

मंडला यशोः- जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती सुनीता बर्वे द्वारा अवगत कराया गया है कि दिनांक 29/05/2023 से 01/06/2023 तक 04 दिवसीय स्कूल शिक्षा विभाग अन्तर्गत कार्यरत शिक्षकों का जिला स्तरीय सीसीएलई प्रशिक्षण शासकीय कन्या शिक्षा परिसर चटुमार में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के पूर्व स्थ्ल का अवलोकन करने हेतु दिनांक 28/05/2023 को भोपाल से आये प्रभारी अधिकारी सिध्देश्वर प्रसाद, पीरामल फाउन्डेशन, एम.एस.सिन्द्राम सहायक संचालक, एल.एस.मसराम, योजना अधिकारी, कमल सिंह मरावी प्राचार्य सीएमराइज उमावि सागर द्वारा स्थल का मुआयना कर प्रशिक्षण हेतु स्थल सुनिश्चित किया गया। स्कूली विद्यार्थियों को कौशल विकास ( सतत् व्यापक अधिगम एवं मूल्यांकन ) की अवधारणा, बारिकियों को समझने / समझाने हेतु उक्त प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।

## मेधावी छात्र अलंकरण समारोह में भुआबिछिया के छात्रों का हुआ स मान

भुआ बिछिया यशोः- सरस्वती शिक्षा परिषद् महाकौशल प्रांत जबलपुर मे मेधावी छात्र अलंकरण समारोह 2022-2023 मे माध्यमिक शिक्षा मंडल हाई स्कूल की प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले सरस्वती शिशु मंदिर भुआ बिछिया,जिला मंडला के छात्र, छात्रा सेजल जंघेला, विमलेश टेकाम, अमन पांडे को स मान एवं पुरस्कार से स मानित किया गया। इस अवसर पर साथ में सरस्वती शिशु मंदिर भुआ बिछिया के व्यवस्थापक किशोरी लाल साहू, विद्यालय की प्राचार्या निशा पांडे एवं छात्रा सेजल जंघेला के पिता सुनील जंघेला, छात्र विमलेश टेकाम के पिता विक्रम सिंह टेकाम, छात्र अमन पांडे के पिता अरुण पांडे उपस्थित थें। 30 मई 2023 मंगलवार को भोपाल में माध्यमिक शिक्षा मंडल हाई स्कूल की प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्रध्छात्राओं को मध्यप्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा स मानित किया जाएगा। जिसमें ये छात्र छात्रा उपस्थित रहेंगे।

# खाता टेस्टिंग के लिए महिलाओं के खाते में आएंगे एक रूपये

मंडला यशोः-जून महीने से लाड़ली बहना योजना के तहत जिले की करीब 1 लाख 95 हजार महिलाओं को योजना का लाभ मिलने लगेगा उनके खाते में 1000 रूपये की राशि आने लगेगी। वहीं यह राशि खाते में डालने के पहले शासन द्वारा इन महिलाओं के खाते चेक करने के लिए एक रूपये डाले जाएंगे। इस संबंध में निर्देश भी संबंधित विभागों को जारी कर दिए गए हैं। दूसरी ओर बड़ी सं या में ऐसी महिलाएं अभी भी सामने आ रही है जिनके खाते का डीबीटी और आधार लिंक अब तक नहीं हो सका है जबकि डीबीटी और आधार लिंक कराने की अंतिम तिथि कल अर्थात 31 मई तक है। बता दें कि आधार लिंक और डीबीटी कराने में प्रदेश में मंडला जिले को तीसरा स्थान मिला है।

महिला एवं बाल विकास कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार लाड़ली बहना योजना के लिए जिले में एक लाख 96 हजार 666 महिलाओं ने पंजीयन कराए हैं। इसमें आधार लिंक 1 लाख 84 हजार 826 महिलाओं के हुए हैं वहीं डीबीटी 1 लाख 83 हजार 601 महिलाओं के ही हो सके हैं। इस तरह करीब 10 हजार से अधिक महिलाओं ने अब तक आधार लिंक और डीबीटी नहीं कराया है। इन्हें अब 31 मई तक यह जरूरी प्रक्रिया पूरी करना होगा। हालांकि विभागीय अधिकारियों का कहना है कि आधार लिंक और डीबीटी कराने वाली महिलाओं की सं या में पोर्टल में फिलहाल अपडेट नहीं है इसलिए सं या कम दिख रही है जबकि अधिकांश महिलाओं के आधार लिंक और डीबीटी करा लिए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि अब जो महिलाएं आधार लिंक और डीबीटी नहीं कराई हैं उनमें ऐसी महिलाएं शामिल हैं जो मजदूरी आदि के चलते पलायन कर गई है या फिर उनका आधार लिंक ही नहीं हुआ है।

### टेस्टिंग के लिए खातों में आएंगे 1 रूपए

लाड़ली बहना योजना के तहत 23 से 60 साल तक की पात्र महिलाओं के खाते में 10 जून से एक हजार रूपये आने लगेंगे। इस बार एक साथ यह राशि एक हजार मिलेगी या फिर 999 रूपये इस पर संशय बना हुआ है ऐसा इसलिए `योंकि जून महिने से योजना की शुरूआत के साथ खाते में 1000 रूपये की राशि डाली जानी है पात्र महिलाओं के खाते में ही राशि जाए इसके लिए शासन द्वारा सभी पात्र महिलाओं जिले में जिनकी सं या करीब एक लाख 95 हजार 740 बताई गई है, के खाते में पहले 1 रूपये खाता टेस्टिंग के लिए डाले जाएंगे, इसके बाद निर्धारित तारीख को बाकि राशि डाली जाएगी, अब 10 तारीख को खाते में एक हजार रूपये आएंगे या फिर एक हजार एक या फिर 999 यह 10 जून को ही पता चलेगा। जानकारी अनुसार महिलाओं द्वारा योजना के लाभ के लिए आवेदन करने के बाद ऑन लाईन सभी आवेदनों का फिल्टर करने के बाद करीब 2808 महिलाओं की दावा आपत्ति सामने आई थी जिसमें किसी महिला ने वार्षिक आय अधिक होने के बाद भी आवेदन कर दिया था या फिर कुछ महिलाओं की आधार में लगी फोटा और लाईव फोटो अलग-अलग दिख रही थी ऐसे कुल 2808 दावा आपत्तियों में 2636 दावा आपत्तियों का निराकरण करा लिया गया है।

## कान्हा टाईगर रिजर्व क्षेत्र में कोई अतिक्रमण नहीं - क्षेत्र संचालक कान्हा

मंडला यशोः- गतांक 16 मई को प्रकाशित अंक में सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार खटिया नारंगी की सरपंच स्वयं शासकीय भूमि में भवन निर्माण कर वहां निवासरत है। जिसका खसरा नंबर 148 है जो कि शासकीय भूमि में आता है । प्राप्त जानकारी के अनुसार खटिया नारंगी की सरपंच को चुनाव में जिताने के लिए कुछ दबंगों ने इन्हे साथ देने की बात कही एवं चुनाव जिताने का वादा किया और इनके सामने शर्त रखी कि खसरा नंबर 107 108 109 एवं 104 पर कब्जा कराकर सरपंच को चुनाव जीतने के बाद देना होगा उसी वादे को पूरा करने के लिए वर्तमान सरपंच अपने पद का दुरुपयोग करते हुए उक्त खसरों पर अवैध कब्जा कर रही हैं।

इसके प्रकार अवैध कब्जों के विरोध में ग्रामीण कार्यवाही की मांग कर रहे है । इस आशय के प्रकाशित समाचार पर कान्हा टाईगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक एस के सिंह ने अपना पक्ष रखते हुये कहा कि यह समाचार भ्रामक है कान्हा टाईगर रिजर्व के आसपास समस्त लॉज रिसोर्ट एएवं होटल भू- स्वामी की निजी भूमि पर निर्मित है और वह राजस्व विभाग के अधिकार क्षेत्र में आता है । इन क्षेत्रों में अवैधानिक गतिविधियों के लिये राजस्व विभाग जि मेदार है ।

क्षेत्र संचालक द्वारा जो पक्ष प्रस्तुत किया गया है वह संभवतः सत्य हो परंतु कान्हा पार्क के समीप भले ही राजस्व विभाग के अधिकार क्षेत्र की भूमि हो यहाँ की गतिविधियाँ वन एवं वन्यजीव संरक्षण में बाधक बनने की संभवनाएँ बढ़ जाती है । हालांकि हमारे संवाददाता के अनुसार 16 मई के अंक में प्रकाशित अतिक्रमित भूमि से कान्हा टाईगर रिजर्व की तरह ही राजस्व विभाग भी अपना पल्ला झाड़ रहा है ।

# जिला अस्पताल परिसर में साफ-सफाई को किया जा रहा नजर अंदाज

मंडला यशोः- जिला अस्पताल से निकलने वाले अपशिष्ट कचरे के निपटान में लापरवाही बरती जा रही है, अस्पताल परिसर में ही अपशिष्ट निपटान के लिए सूखा-गीला कचरा अलग-अलग रखने के लिए अलग चेंबर बनाए गए हैं लेकिन यहां कचरे को न रखकर परिसर में ही फेंक दिया जा रहा है जिसे अस्पताल परिसर में घूम रहे आवारा मवेशी अपना चारा बना रहे हैं। 300 बिस्तरीय जिला अस्पताल में साफ-सफाई को लेकर लाखों रूपये खर्च तो किए जा रहे हैं लेकिन इतनी राशि खर्च होने के बाद भी साफ-सफाई शून्य नजर आ रही है, अस्पताल परिसर से लेकर जिन वार्डों में मरीज भर्ती हैं वहां भी कचरे के ढेर देखे जा सकते हैं। ठेकेदार द्वारा सफाई कर्मचारियों को दस्ताने सहित अन्य जरूरी सुरक्षा सामग्री उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। सरकार द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बड़ा बजट खर्च किए जाने की बात कही जाती है।इसके बाद भी उस राशि का उपयोग सरकारी अस्पतालों में दिखाई नहीं देता है। जिला अस्पताल के शौचालयों की स्थिति ऐसी है कि मरीज इनका उपयोग बहुत मजबूरी में ही करते हैं। कहीं शौचालय की सीट टूटी है, तो कहीं सिंक में पानी ही नहीं आ रहा है। शौचालय में गंदगी होने से मरीजों के साथ रहने वाले परिजनों को सामुदायिक शौचालयों में पैसे खर्च कर उपयोग करना पड़ रहा है।

### कोने-कोने में पान-गुटका की पीक

अस्पताल के अंदर कोने-कोने में पान-गुटका की पीक आसानी से देखी जा सकती है, जबकि इस तरह की गंदगी करने वाले लोगों को रोकने-टोकने के लिए जुर्माना संबंधी सूचना बोर्ड तो लगे हैं लेकिन गंदगी करने वालों पर कार्यवाही नहीं होने



से लोग यहां-वहां तरह-तरह की गंदगी करके चले जाते हैं। अस्पताल में भर्ती मरीजों को तो अस्पताल से भोजन मिल जाता है लेकिन दूर-दराज से आए मरीजों के परिजनों को अस्पताल परिसर में बनी रसोई में ही भोजन बनाना पड़ता है। परिसर में शौचालय के बाजू में बनी रसोई में सफाई का अभाव देखा जा रहा है। पानी की व्यवस्था नहीं होने से भोजन पका रहे मरीजों के परिजनों को यहां बनी पानी की टंकी के नीचे जमा पानी का उपयोग करना पड़ रहा है।

## एम एल बी कन्या शाला की छात्राये राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हुई चयनित

सिवनी यशोः- 6 जून से 12 जून के मध्य नई दिल्ली में आयोजित राश्ट्रीय जि नाश्टिक प्रतियोगिता होने जा रही है जिसमें महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल की छात्रा हिमाषी ड्हेरिया एवं एथलेटि स हेतु गौरी सनोडिया का चयन मध्यप्रदेश शालेय टीम में हुआ है। राज्य स्तरीय प्रशिक्षण षिविर भोपाल हेतु खिलाडी छात्राये रवाना हो चुकी है इस उपलब्धि पर षाला के प्राचार्य पी.एम.सिंग संस्था के पी.टी.आई प्रदीप वर्मा भावना गायकवाड अषोक रजक एवं जिला क्रीडा अधिकारी जस्सी थामस के अलावा स्कूल स्टाफ ने बच्चो की इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक को सिवनी कांग्रेस ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनना तय

**राष्ट्रीय समन्वयक, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य एवं अल्पसं यक विभाग के जिला प्रभारी का सिवनी हुआ आगमन कांग्रेस किया आत्मीय स्वागत**

सिवनी यशोः- गत 27 मई को ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय समन्वयक एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस अल्पसं यक विभाग के प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह बोहरा,राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य श्रीमति बलविंदरमान, एवं कांग्रेस अल्पसं यक विभाग के जिला प्रभारी दलबीर सिंह जस्सल के विशेष दौरा कार्यक्रम के स्वरूप सिवनी नगर आगमन हुआ, उनके आगमन पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने प्रथम नगर आगमन पर बोहरा जी का स्वागत किया गया, जिला कांग्रेस अल्पसं य विभाग द्वारा भी महेन्द्र बोहरा जी, दलबीर सिंह जस्सल एवं श्रीमति बलविंदर सिंह मान का साल श्रीफल देकर स मान किया गया।



तत्पश्चात कांग्रेस अल्पसं यक विभाग के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों का विशेष दिशा निर्देश कार्यक्रम रखा गया ।कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता राजिक अकील द्वारा किया गया ।अतिथि गणों का स्वागत जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी के जिला अध्यक्ष राजकुमार खुराना द्वारा किया गया तत्पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसं यक विभाग के जिला अध्यक्ष अनीश खान, जिला कांग्रेस के संगठन मंत्री श्री पंकज शर्मा जी एवं जिलाध्यक्ष राजकुमार खुराना ने अपनी बात रखी।

अंत में अल्पसं यक विभाग के जिला प्रभारी दलबीर सिंह जस्सल एवं राष्ट्रीय समन्वयक महेंद्र सिंह बोरा ने अपना उद्बोधन दिया एवं अल्पसं यक विभाग के समस्त पदाधिकारियों से रूबरू हुए विशेष चर्चा की एवं दिशा निर्देश दिए।

### बूथ की मजबूती के लिये करें पूरे प्रयास

समस्त वक्ताओं के सारांश अनुसार अल्पसं यक विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र में कांग्रेस को आप किस तरह मजबूत करें एवं पार्टी के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश का पालन करें। पार्टी द्वारा चुने गए प्रत्याशी को एकमत होकर विजयी बनाना है। एवं कांग्रेस पार्टी को बूथ स्तर पर किस तरह मजबूत करना है। तत्पश्चात अल्पसं यक विभाग के कार्यकर्ताओं को यह बताया गया कि मध्यप्रदेश में कमलनाथ जी की सरकार बनना लगभग तय माना जा रहा है। अवगत कराया गया की कमलनाथ जी की सरकार बनने के बाद अल्पसं यक को एवं अल्पसं यक विभाग के पदाधिकारियों के लिए या योजनाएं हैं। अतः ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु अल्पसं यकों को कांग्रेस अल्पसं यक विभाग से जोड़ने के निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अल्पसं यक विभाग के अध्यक्ष अनीस खान, सुरेन्द्र भाटिया, नगर अध्यक्ष एड. मिर्जा फैसल बैग, लाईक पटेल, राजा मुबीन, वसीम रायल, अर्श खान, मोहनीस खान, मोहसिन खान, मंसूर लल्लू, राजिक भाई धनौरा, साबिर खान देवरी, रहीम शाह, फरान खान सन्नू बाबा, मोहसीन रज, तारिख अ तर, समीर खान, फारूख अंसारी, शेख साकिर, जिब्राईल अंसारी, शेख गफूर खान, वाहिद खान, अकरम खान, अब्दुल वासीद खान, नकीब खान, गुलाम समदानी, मो. समीम खान, बाबू खान, ओबुर्दरहमान खान, मो. आमिर कुरैशी सुनवारा, समदानी भाई केवलारी, निज्जु भाई धनौरा, जीमल मो. कुरैशी, जावेद अंसारी बखारी, अफसर अंसारी पांढरवानी, वकील भाई ग्वारी, फिरदोस भाई ग्वारी, उबेदुर रहमान केदारपुर, मुबारिक भाई घंसौर, शेख गफार घंसौर, बादशाह भाई कहानी, शेख रियाज दारोट, मोहिद खान, अनिल गनवाने, रफीक खान दारोट, नकीस खान चारगांव, हमीद खान गोरखपुर, सैफान खान कहानी, अ. अकील खान, आदिल खान बादलपार, रिजवान खान लखनादौन, साबिर अली लखनादौन, मो. शमी खान पांडिया छपारा आदि बैठक में उपस्थित रहें।

# वित्तीय प्रशासनिक अकादमिक प्रशिक्षण प्रारंभ, प्राचार्यो को मास्टर ट्रेनर्स दे रहे प्रशिक्षण

सिवनी यशोः- जिला शिक्षा विभाग के अंतर्गत सह परियोजना



समन्वयक, के मार्गदर्शन में प्राचार्यो एवं प्रभारी प्राचार्यो को वित्तीय प्रशासनिक एवं अकादमिक विषयों का प्रशिक्षण 30 मई से प्रार भ किया गया। कार्यक्रम का शुभार भ सहायक संचालक एस. एस. कुमरे एवं आर. आर. मेहता की उपस्थिति में महारानी लक्ष्मीबाई हा.से. शाला में किया गया। वही मिशन बालक हायर सेकन्डरी सिवनी मे जनजाति विभाग के संचालित स्कूलों के प्राचार्यो को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान ए.पी.सी. विपनेश जैन उपस्थित रहे। मास्टर ट्रेनर्स हर्ष दटांक खवासा, डी एल. तिवारी, सी.एल. झारिया मेहरा पिपरिया एम. एस. डेहरिया बगलई का समावेश किया गया है। प्रथम बेच 30 मई से 3 जून तक प्रातः 9.30 बजे से प्रशिक्षण दिया जायेगा जिसमें



कुरई,छपारा, लखनादौन, धनौरा एवं घंसौर के प्राचार्य शामिल होंगे। द्वितीय बेच 6 जून से 10 जून तक रहेगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्राचार्य एवं शिक्षको को उत्कृष्ट सुविधा के तहत प्रशिक्षण स्थल पर गर्मी को देखने हुए कुलर की व्यवस्था तथा भोजन की व्यवस्था की गयी है। इस आयोजन में नोडल अधिकारी एम.के. सैयाम आशीष दुबे, अनुराग दुबे नीरज अवधिया का समावेश किया गया है।

आयोजन में बरघाट के डी. के विसेन कल्याणपुर आष्टा के वीरेन्द्र दीक्षित, बुढ़ैना कला राजेन्द्र राहंगडाले भोमा के पी एल. उके बहरई नन्द किशोर विसेन विजय पानी नरेन्द्र नगोत्रा कान्हीवाडा जी.सी डेहरिया अरी एस एस बरकड़े सिवनी से पी. एम. सिग तिधरा आराधना राजपूत वर्षा भार्गव, श्रीमति गौर, प्रेम नारायण वारेश्वा शमशुननिशा खान, सुनील तिवारी डेजी जैन, आभा सिंग एम एल.वी. मे प्रशिक्षण प्राप्त किया। वहीं जिला जनजाति विभाग अन्तगत संचालित शालाओं ने मिशन स्कूल मे प्रशिक्षण प्राप्त किया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297